संख्या- 180 /2025/1110/चार-2025- 1910365

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊः दिनांक 29 मार्च, 2025**

विषय- संग्रहालय निदेशालय द्वारा अपने विभिन्न कार्यालयों के उपयोगार्थ कम्प्यूटर व सहायक सामग्रियां एवं अन्य उपकरण, राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर हेतु सामाग्री तथा राज्य संग्रहालय लखनऊ परिसर हेतु सामग्री का क्रय किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1311/उ0प्र0सं0नि0-4(19)/2024-25 दिनांक 06.03.2025, संख्या-6172/सं0नि0-20(लेखा)/2024-25 दिनांक 27 मार्च, 2025 एवं संख्या-1326/उ0प्र0सं0नि0-4(11)/2024-25 दिनांक 12 मार्च, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निदेशक, संग्रहालय के प्रस्तावानुसार निम्नलिखित कालम- II में उल्लिखित कार्यों हेतु, कालम- III में अंकित धनराशि एवं कालम- IV में उल्लिखित मद के अनुसार प्रस्तर-3 में उल्लिखित शर्तों के अधीन प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति पर प्रदान किया जाता है-

क्र0	प्रस्ताव	धनराशि	मद
I	II	III	IV
1	उ०प्र० संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ एवं स्व० लाल बहादुर शास्त्री स्मृति भवन संग्रहालय, रामनगर, वाराणसी के उपयोगार्थ कम्प्यूटर जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	9,06,730.00 (रु0 नौ लाख छ हजार सात सौ तीस मात्र)	लेखीशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-107-संग्रहालय-03-अधिष्ठान-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय मद (उ०प्र० संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ)
2	राज्य संग्रहालय, लखनऊ परिसर में दर्शकों की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत आउटडोर एल०ई०डी० डिस्प्ले की स्थापना हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	9,98,711.00 (रु0 नौ लाख अठ्ठानव्वे हजार सात सौ ग्यारह मात्र)	लेखीशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-107-संग्रहालय-03-अधिष्ठान-42-अन्य व्यय मद (उ०प्र० संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ)
3	राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर द्वारा आयोजित शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजन एवं संग्रहालय दर्शक सुविधा के दृष्टिगत आउटडोर एवं इनडोर कियोस्क, स्मार्ट फ्रेम एवं वे फाईन्डर के क्रय हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	9,93,797.00 (रु0 नौ लाख तिरानव्वे हजार सात सौ सतानब्बे मात्र)	लेखीशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-107-संग्रहालय-03-अधिष्ठान-42-अन्य व्यय मद (उ०प्र० संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ)

3. शर्ते एवं निर्देश-

(1) सर्वप्रथम वास्तविक आवश्यकता का आकलन कर लिया जाए|

(2) जेम से संबंधित GO दिनांक 26/11/24 के प्रस्तर 6 का पालन करते हुए कम से कम तीन विक्रेताओं /निर्माताओं के मूल्य की तुलना की जाए एवं न्यूनतम दर पर खरीद सुनिश्चित की जाए|

(3) जेम पोर्टल संबंधित नवीनतम शासनादेश के सभी संबंधित प्रस्तरों का पूर्णतः पालन किया जाए|

(4) specification का सत्यापन NIC/UPDESCO के अधिकारियों से कराया जाए|

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

(5) निदेशक, संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(7) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(8) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(9) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(10) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय,

(उमा द्विवेदी)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मुख्य कोषाधिकारी,जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ।
5. आहरण एवं वितरण अधिकारी, संग्रहालयाध्यक्ष, लोक कला संग्रहालय, लखनऊ।
6. स्व० लाल बहादुर शास्त्री स्मृति भवन संग्रहालय, रामनगर, वाराणसी ।
7. राज्य संग्रहालय, लखनऊ।
8. राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमा द्विवेदी)
संयुक्त सचिव

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।